**JALAUN POLICE**

**दिनांक –18.08.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली उरई पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 02 अभियुक्तगण को 02 अदद चाकू व 11 अदद एटीएम कार्ड के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 17.08.2025 को कोतवाली उरई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए अभियुक्तगण 1. प्रदीप कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार नि0 ग्राम जगम्मनपुर थाना रामपुरा जनपद जालौन 2. विजय कुमार पुत्र स्वदेश कुमार नि0 पृथ्वीपुरा थाना गोहन जनपद जालौन को आईसीआईसीआई एटीएम के पास से 02 अदद चाकू, 11 अदद एटीएम व एटीएम से पैसे चोरी करने का उपकरण के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

बरामदगी के संबन्ध में कोतवाली उरई पर मु0अ0सं0 484/2025 धारा 313 बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

**पूँछताँछ का विवरण-**

अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि साहब हम लोग एटीएम मशीनों को निशाना बनाते हैं, मौका पाकर उन्हें कटर प्लास इत्यादि की मदद से काटकर रुपये निकाल लेते हैं, जिनसे अपनी जरूरतें व शौक पूरे करते हैं। हम दोनों नें मिलकर आज भी एक एटीएम से चोरी करने की योजना बनाई थी कि आप लोगो नें मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. प्रदीप कुमार पुत्र धर्मेन्द्र कुमार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम ओझा थाना नयागांव जिला भिण्ड म0प्र0 हाल पता नि0 ग्राम जगम्मनपुर थाना रामपुरा जनपद जालौन
2. विजय कुमार पुत्र स्वदेश कुमार उम्र करीब 25 वर्ष नि0 पृथ्वीपुरा थाना गोहन जनपद जालौन

**बरामदगी का विवरण-**

1. चाकू नाजायज 02 अदद
2. एटीएम से पैसे चोरी करने का उपकरण
3. 02 अदद कैंची
4. 11 अदद एटीएम कार्ड (विभिन्न बैंको के)

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 कोतवाली उरई मय पुलिस टीम